डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्ष 23-2083 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 23 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

नौकरी के नाम पर युवती से 54 हजार की ठगी

भोपाल। कोलार क्षेत्र में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही 21 वर्षीय सुमारी मेहरा से ऑनलाइन 54,626 रुपए ठग लिए गए। कंपनी स्थित गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली युवती को नौकरी लगने का लालच देने के नाम पर पहले 500 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस ली गई। इसके बाद विभिन्न शुल्कों के बहाने छह ट्रांजेक्शन कराए गए। ठगी का पता चलने पर युवती ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

कार पर हमला, महिला की उंगली टूटी

भोपाल। हाल ही सागरोद से सीहोर लौट रहे परिवार की कार पर सलूजी सड़क क्षेत्र में कुछ युवकों ने हमला कर दिया। घटना रात करीब 12 बजे सरिधन के सामने हुई। हमले में कार का अगला कांच टूट गया और एक महिला की उंगली में गंभीर चोट आई। सलूजी सड़क थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज किया है। विवाद की मुख्य वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

गांधी नगर समेत 25 इलाकों में आज बिजली कटौती

भोपाल। 132/33 के वी के 25 इलाकों में शुक्रवार को बिजली कंपनी के मेंटेनेंस वर्क के कारण दो से छह घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक गांधी नगर, प्रताप नगर, हरता नगर, बैकेंस्ट कॉलोनी और पॉवी घाट में कटौती होगी। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सितलेज केस 2, बावलियाकलां, होशंगाबाद रोड और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। वहीं, कुछ इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और बैरागढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक सप्लाई प्रभावित रहेगी।

गैनिट–आईआईटी जोधपुर के एमटेक प्रोग्राम में 17 सीटें खाली

भोपाल। गौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (गैनिट) और आईआईटी जोधपुर के संयुक्त बीटेक-एमटेक प्रोग्राम में दी फाइनल में की 17 सीटें खाली हैं। इच्छुक विद्यार्थी 29 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए गेट परीक्षा अनिवार्य नहीं है। गैनिट के सातवें सेमेस्टर में पढ़ रहे ये विद्यार्थी पात्र होंगे, जिनका छठे सेमेस्टर तक न्यूनतम सीजीपीए 6.5 है। प्रोग्राम में ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी और वर्चुअल रियलिटी जैसे विषयों में विशेषज्ञता मिलेगी। आठवें सेमेस्टर से पढ़ाई आईआईटी जोधपुर में होगी।

बीना में 50 हजार करोड़ की पेट्रोकेमिकल यूनिट्स से खुलेंगे उद्योगों के नए रास्ते

सीएम डॉ. मोहन यादव ने इंडिया केम-2026 में निवेशकों को दिया समिट-2027 का न्योता, बोले- मध्यप्रदेश बनेगा पेट्रोकेमिकल विनिर्माण का बड़ा केंद्र

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मध्यप्रदेश में पेट्रोकेमिकल और रासायनिक उद्योगों के विस्तार और संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैश्विक निवेशकों को प्रदेश में निवेश का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि सतना जिले के बीना में पेट्रोकेमिकल उद्योग के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करीब 50 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल यूनिट का भूमि-पूजन कर चुके हैं। इस परियोजना से प्रतिवर्ष 22 लाख टन से अधिक पेट्रोकेमिकल उत्पाद तैयार होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुंबई के जेएनपीटी-बीना सेटर में आयोजित तीन दिवसीय इंडिया केम 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निवेशकों को मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले समिट-2027 में शामिल होने का न्योता दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की करीब 49 हजार करोड़ रुपए की एथिलीन क्रैकर और रिफाइनरी सेक्टर परियोजना मध्य प्रदेश में पेट्रोकेमिकल आधारित उद्योगों के लिए नए अवसर सृजित करेगी। इस परियोजना से पॉलिमर, प्लास्टिक रेसाओं और उनसे जुड़े सहायक उत्पादों को विकास मिले रफ्तार मिलेगी। इससे बड़े उद्योगों के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी करोबार के नए अवसर बनेंगे।

3.4 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति और देश के बीच में होने के कारण यहां उद्योगों के लिए बेहतर संभावनाएं हैं। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश के 24 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें से 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने यूरिएल पीआई इंडस्ट्रीज, वापुंका और रिलायंस जैसी कंपनियों के मध्यप्रदेश को लेकर बढ़ते भरोसे के रूप में भी सुनने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में केवल बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं पर निर्भर रहने के बजाय पॉलिसी प्रोसेसिंग का रास्ता अख्तर तैयार किया जाएगा। इससे स्थानीय उद्यमियों और एमएसएमई को बड़े उद्योगों की आपूर्ति शृंखला से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

प्लास्टिक पार्क और टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक केमिकल हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश 170 से अधिक देशों को रासायनिक उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने निवेशकों से मध्यप्रदेश में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों का लाभ उठाने और प्रदेश को विनिर्माण के समृद्ध केंद्र के रूप में विकसित करने में भागीदारी निभाने की अपील की। इंडिया केम–2026 में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों ने स्टेट पार्टनर के रूप में भागीदारी की।

चक्काजाम से नहीं पहुंची स्कूल बस, ट्रॉले ने बाइक सवार तीन बच्चों को कुचला

दो सगे भाइयों और मौसेरी बहन की मौके पर मौत,



डीआर संवाददाता॥ पीथमपुर

धार जिले के पीथमपुर में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे नहु–नीमच हाईवे पर मोहद ब्रिज के पास मर्दनाल राठौड़ हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रॉले की टक्कर से बाइक सवार तीन स्कूली बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई विवान और मोहा तथा उनकी मौसेरी बहन आन्वी शामिल है।

तीनों ऊंकर आंगन कॉलोनी के निवासी थे। विवान मौसी जया में पढ़ता था, जबकि मोहा चौथी और आन्वी सातवीं की छात्रा थी। गुरुवार को विद्यालय स्कूल नहीं गया था। राजेश रॉयल टाउन केंद्र में बिजली चली की समस्या को लेकर हुए चक्काजाम के कारण स्कूल बस नहीं पहुंची। इसके बाद प्रिंसिपल दोपहर में अपने छोटे भाई और मौसेरी बहन को लेने सेंट फ्रांसिस स्कूल पहुंचा।

स्कूल की छुट्टी के बाद तीनों बाइक से घर लौट रहे थे, तभी मोहद ब्रिज के पास ट्रॉले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि तीनों की जान चली गई। हादसे के बाद सड़क पर बच्चों के स्कूल बैग, किताबें और जूते बिखरे पड़े थे।

घटना की सूचना पर पीथमपुर सेक्टर–1 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रॉला जब्त कर लिया है, जबकि चालक हादसे के बाद फरार हो गया। शवों का जिला अस्पताल केंद्र में पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे से परिवारों में मातम छा गया।

हातोद में तेज बारिश, पीथमपुर में बूंदाबांदीय अमरकंटक में तापमान 15.8 डिग्री पर पहुंचा

मौसम का यू-टर्न, 11 जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मध्यप्रदेश में अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में भी बारिश का सिलसिला थमने के आसार नहीं हैं। गुरुवार को इंदौर के पास हातोद में तेज बारिश हुई, जबकि पीथमपुर में बूंदाबांदी दर्ज की गई। भोपाल में बादलों के बीच अमरकंटक में न्यूनतम तापमान सिंगल 15.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

आंधी के साथ बरस सकते हैं बादल

मौसम विभाग ने इंदौर, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी खरगोन, धुरंधरपुर, खंडवा, देवास, हरदा, नर्मदापुरम और बैतूल में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले दो दिनों तक इंदौर संभाग और नर्मदापुरम संभाग में बारिश हो सकती है। 24 अक्टूबर से संभावना होने वाले नए मौसम सिस्टम के कारण प्रदेश के उत्तर पश्चिमी हिस्से में भी बारिश के आसार हैं।

रातें ठंडी, दिन में गर्मी बरकरार

बारिश के बीच प्रदेश के कई शहरों में रात का तापमान गिरा है। अमरकंटक में रात 15.8 डिग्री, रीवा में 18 डिग्री और पचमढ़ी में 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है।

इससे पहले मंगलवार–बुधवार की रात प्रदेश के 15 जिलों में बारिश हुई थी। रायसेन के गैरतगंज में सबसे ज्यादा करीब सवा इंच पानी गिरा, जबकि खंडवा में एक युवक बारिश की चपेट में आकर घायल हो गया था।

गुना विधायक का दिग्विजय सिंह पर तंज, बोले- बेटे को सियासी सिंहासन पर बैठाने निकले

डीआर संवाददाता॥ गुना

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की 'राज्य रक्षावन रक्षाभिमान यात्रा' को लेकर मध्यप्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने 22 अक्टूबर को प्रेसवार्ता कर दिग्विजय सिंह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने यात्रा को लेकर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह अपने बेटे को राजनीतिक सिंहासन पर बैठाने के उद्देश्य से यात्रा कर रहे हैं।

शाक्य ने महाभारत के पात्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि धृतराष्ट्र अपने पुत्र दुर्योधन को सिंहासन पर बैठाना चाहता था। उसके मुकाबले, दिग्विजय सिंह की यात्रा के पीछे भी अपने बेटे को आगे बढ़ाने की मंशा है। उन्होंने यात्रा की सुरक्षा में अयोध्या तक 'साधु सनातन स्वाभिमान यात्रा' शुरू की है। यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल्यों, धार्मिक विश्वास और धार्मिक संस्थानों में पारदर्शिता का संदेश देना बताया गया है।

यात्रा पर तंज कसते हुए शाक्य ने कहा कि जब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने कभी भी धार्मिक यात्रा नहीं निकाली। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में गोशालाओं के लिए आवंटित जमीन और मंदिरों की संपत्ति को भी नहीं बख्शा गया। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और दिग्विजय सिंह को ऐसे किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए।

गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह ने 20 अक्टूबर को राजगढ़ से अयोध्या तक 'साधु सनातन स्वाभिमान यात्रा' शुरू की है। यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल्यों, धार्मिक विश्वास और धार्मिक संस्थानों में पारदर्शिता का संदेश देना बताया गया है।

जहांगीराबाद थाने में खड़े वाहनों में लगी आग, 5 गाड़ियां जलीं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

जहांगीराबाद थाना परिसर में गुरुवार दोपहर पुराने वाहनों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने चार से पांच गाड़ियों को अपनी जद में ले लिया। दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुई घटना के बाद पुलिस ने आग बुझाई। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। थाना के एक हिस्से में लगे और कबाड़ वाहन खड़े हैं। इनकी जानकारी थाना–कुर्सी भी जमा है। आग



लगने की वजह शॉर्ट सर्किट समेत अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही है। आग से वाहनों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

भोपाल में दो दिन में हजारों दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

घाटों पर रही पुलिस की चौकसी, बीच को लेकर समिति अध्यक्ष की अधिकारियों से नोकझोंक रचे खंडवा में आतिशबाजी से लगी आग

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

राजधानी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला दो दिनों तक जारी रहा। बुधवार रात शुरू हुआ यह समारोह गुरुवार सुबह तक चला। इस दौरान अनेक संस्था में छोटी–बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। की हिंदू एकता समिति के चल समारोह में 200 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं और झांकियां शामिल हुईं। मंगलवार को अलवा विदाई, गंजबासौदा, सीहोर और



विदिशा जिला गया। की हिंदू एकता समिति के चल समारोह में 200 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं और झांकियां शामिल हुईं। मंगलवार को अलवा विदाई, गंजबासौदा, सीहोर और बैरसिया की झांकियां भी पहुंचीं।। चल समारोह की शुरुआत रात करीब 8:30 बजे गणेश पूजन और आरती के साथ हुई। पहली झांकी सूरज नगर की श्री जागरूक उत्सव समिति की रही। समारोह में महापौर मालती राय, संत समाज और समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

चल समारोह के दौरान डीजे संचालन की जिम्मेदारी को लेकर समिति अध्यक्ष लखारोकर तिवारी और पुलिस अधिकारियों के बीच नोकझोंक हो गई। वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और जुलूस आगे बढ़ा।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान घाटों पर पुलिस की चौकसी रही। प्रतिमाओं को जेल की मदद से विसर्जित कराया गया। चल समारोह के कारण भारत टॉकीज ओवरब्रिज, जहांगीराबाद, हमीदिया रोड और कमला पार्क सहित कई मार्गों पर जाम लगा। इससे वाहन चालकों को परेशानी हुई।

मास्टर प्लान

मास्टर प्लान-2047 पर घमासान, 66 गांवों के किसानों ने किया प्रदर्शन

टीएंडसीपी कार्यालय पहुंचकर रहवासियों ने दर्ज कराईं आपत्तियां, तीन हजार से अधिक आपत्तियां पहुंचीं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

भोपाल के प्रस्तावित मास्टर प्लान–2047 को लेकर विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को शहर की विभिन्न कॉलोनियों के रहवासियों और आसपास के 66 गांवों के किसानों ने योजना के प्रारूप पर आपत्तियां दर्ज कराईं। अब तक कलेक्टर के पास करीब तीन हजार आपत्तियां पहुंच चुकी हैं। किसानों ने कृषि भूमि को रियलहोल्ड, फॉरेस्ट, ग्रीन बेल्ट और अन्य अरक्षित श्रेणियों में शामिल करने पर विरोध जताया। वहीं, रहवासियों ने आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों को नियमित करने का सुझाव दिया।

आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर आपत्ति

अरेरा कॉलोनी, गौतम नगर, रोहित नगर, रमना नगर, बावड़ियाकलां, सावेर नगर, भेल, कोटरा, लालघाटी, शांतिनगर, शाहपुरा, लोअर, नेहरू नगर और गुलमोहर सहित कई क्षेत्रों के रहवासी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) कार्यालय पहुंचे। उन्होंने छह प्रमुख आपत्तियां दर्ज कराईं और सात मांगों को शामिल करने का सुझाव दिया। रहवासी समिति के विवेक त्रिपाठी ने प्रस्तावित प्लान के बिंदु क्रमांक 15.38 पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि आवासीय परिसरों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को नियमित करने का प्रावधान न्यायालय के आदेशों के अनुरूप नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रावधानों से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क की योजना से हटाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि इससे पुराने मकानों और स्थानीय आबादी पर असर पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने दावे–आपत्तियां दर्ज कराने की समयसीमा एक महीने बढ़ाने का आग्रह भी किया।

66 गांवों की कृषि भूमि पर संकट की आशंका

मुगालिया छप्पन सहित आसपास के गांवों के किसान पैनल मार्च तक अपनी आपत्तियां दर्ज कराने पहुंचे। किसानों का कहना है कि कृषि भूमि को विभिन्न आरक्षित श्रेणियों में शामिल करने से खेती और आजीविका प्रभावित होगी। पदाधिकारियों ने कहा कि सभी दावे–आपत्तियों पर सुनवाई कर पुनर्विचार करने की मांग की जिलाधीश के संज्ञानार्थ में पूरी आबादी के बीच से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को हटाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि इससे पुराने मकानों और स्थानीय आबादी पर असर पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने दावे–आपत्तियां दर्ज कराने की समयसीमा एक महीने बढ़ाने का आग्रह भी किया।

सड़क, फुटपाथ और पर्यावरण पर भी सवाल

रहवासियों ने मास्टर प्लान के ड्राफ्ट और अंकेक्षी प्लान को चुनौतीपूर्ण बताया। पार्थ्रोजोर, हमुद्दा पार्ट्स और उसी पूरे के व्यवसायों को बंधना पड़ा। उन्होंने सुझाव दिया कि 6 मीटर से कम चौड़ी सड़कों पर पार्किंग और व्यावसायिक गतिविधियों को सीमित किया जाए। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित क्षेत्रों और खुले स्थानों को बढ़ाने की मांग की गई।

सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने सामाजिक कल्याण और युवा सोशल विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्व की पहली एवं अत्यसंक्रमक कल्याण राज्यभरी (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने बताया कि मध्यप्रदेश सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड इंप्लिमेंट लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

मुंबई स्थित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (छैम) परिसर में सोशल स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म पर परियोजना की आधिकारिक लिस्टिंग। बेल–लिंकिंग सेरेमनी और विकासीय सम्बन्धीय प्रारूप (उदय) पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल सामाजिक कल्याण योजनाओं के परिणामों आधारित वित्तीय प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

परियोजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को जापान और जर्मनी में रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। इनमें 300 युवाओं को जापान और 300 युवाओं को जर्मनी में आवासीय कौशल प्रशिक्षण, भाषा शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना में कुल प्रशिक्षण शुल्क का 50 प्रतिशत मध्यप्रदेश शासन, 35 प्रतिशत सोशल



इम्पैक्ट बॉन्ड और 15 प्रतिशत संबंधित युवा वहन करेगा। स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। सफल प्रशिक्षण, सकारात्मक मूल्यांकन और विदेश में रोजगार मिलने पर ही शासन अपनी निर्धारित राशि का भुगतान करेगा।

यह पहल ओबीसी युवाओं को वैश्विक रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक भविष्य के अवसर प्रदान करेगी तथा कौशल विकास के क्षेत्र में देश के लिए अनुकरणीय मॉडल बनेगी।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 23-2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 23 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

विद्युत वितरण कंपनी 23 अक्टूबर को उपभोक्ताओं की समस्याओं के निवारण के लिए लगाएगी शिविर

सीहोर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर पूर्ण द्वारा उपभोक्ता सेवा में उत्कर्षता के उद्देश्य से एसएमएस अभियानतर लागू किया गया । इसी अभियान के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग अंतर्गत आगर में शिविर शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित तिथि को ध्यान में रखते हुए शिविर में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाएं।

400 केवी सबस्टेशन में चोरी की कोशिश, तीन नाबालिग पकड़े

आष्टा। हरणीमाफाट स्थित एमपी ट्रांसको के 400 केवी सबस्टेशन में चोरी की कोशिश सुरक्षा कर्मियों ने नाकाम कर दी। पांच आरोपियों में से तीन नाबालिगों को पकड़ लिया गया, जबकि दो साथी वाहन छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सबस्टेशन में घुसकर बिजली का तार काट लिया था। सूचना पर पार्सली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की जानकारी पर छापेमारी की जा रही है। उनसे मोबिलर के बारे में पूछताछ की जाएगी।

प्रस्तुटन शक्ति संचय अभियान का प्रशिक्षण आयोजित

आष्टा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सीकर भवरा की नवांकुर संस्था कामेश्वरी शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के माध्यम से प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय और विकासखंड समन्वयक मनवंत सहरा सहित उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सामाजिक कार्यों की समीक्षा, शासकीय योजनाओं की जानकारी और आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। समितियों से स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की अपील की गई।

उपभोक्ता समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आज

सीहोर। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संपर्क अभियान के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग के जावर में विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान

अवैध खनन खनिजों के अवैध परिवहन पर लगेगी लगाम, एआई और आरएफटैग से होगी

नर्मदा घाटों से निकलने वाले डंपर-ट्रैक्टरों पर अनिवार्य होगा तकनीकी टैग, बिना टैग खनिज परिवहन करने पर होगी कार्रवाई

डीआर संवाददाता>>सीहोर



सीहोर जिले में नर्मदा नदी के घाटों से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए शासन ने तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था लागू की है। अब खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) टैग लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित गान्य रहित ई-चेकपोस्ट व्यवस्था लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की पहचान, निगरानी और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई को प्रभावी बनाना है। बिना निर्धारित तकनीकी टैग के खनिज परिवहन करने वाले वाहन पकड़े जाने पर आर्थिक जुर्माने के साथ उनकी की कार्रवाई भी की जा सकेगी। जिले में नर्मदा के विभिन्न घाटों से रेत के अवैध उत्खनन और बिना वैध रॉयल्टी परिवहन की शिकायतों के बीच इस व्यवस्था को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हर खनिज वाहन पर लगाना होगा आरएफ टैग

खनिज साधन विभाग के प्रमुख सचिव विवेक कुमार पोरवाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेटों को खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर आरएफ टैग लगवाना सुनिश्चित करना होगा। संबंधित विभागों के ठेका एजेंसी आवंटित ई-चेकगेट के माध्यम से खनिज वाहनों की निगरानी की जाएगी। इसके वाहनों की आवाजाही और परिवहन संबंधी जानकारी पर नजर रखने में मदद मिलेगी। व्यवस्था लागू होने से खनिज परिवहन की जांच में तकनीक का उपयोग बढ़ेगा और अवैध गतिविधियों की पहचान करना आसान हो सकेगा।

वाहन मालिकों को खुद करना होगा भुगतान

जिला खनिज अधिकारी एपीएम सिंह के अनुसार, आरएफ टैग खरीदने का खर्च संबंधित वाहन मालिक या परिवहनकर्ता को स्वयं उठाना होगा। इसके लिए अग्रिम्लदन पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहन मालिक पोर्टल पर अपने वाहन का विवरण दर्ज कर और निर्धारित शुल्क जमा करके टैग प्राप्त कर सकते हैं। बिना टैग के खनिज परिवहन करने पकड़े जाने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध जुर्माने और जब्ती संहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नर्मदा घाटों पर रहेगी विशेष नजर

सीहोर जिले के इछावर, गोरखखेड़ी, बाबरी, नीलकंठ, जहाजपुर, नलगांव, रोंगलबाड़ा और शिवाकर सहित विभिन्न घाटों पर रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकिकायतें सामने आती रही हैं। कई स्थानों पर नावों, एलएडोजरों, मारी मशीनों और ट्रकों से परिवहन किए जाने की शिकायतें मिलती रही हैं। नई तकनीकी व्यवस्था से ऐसे वाहनों की निगरानी सहज करने और बिना पैध रॉयल्टी एसिट से जाने वालों पर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

मैरूंदा में दस ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

शासन के निर्देशों के पालन में खनिज विभाग ने गैरानी स्तर पर कार्रवाई भी तेज कर दी है। जिला खनिज अधिकारी एपीएम सिंह ने बताया कि खनिज नैमित्तिक रवाजपुर बवाटे की टीम ने मैरूंदा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रही दस ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। विभाग का कहना है कि तकनीकी निगरानी और गैरानी कार्रवाई को साथ लेकर अवैध खनन तथा परिवहन पर अंकुश लगाया जाएगा। इसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों पर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

सार्वजनिक सड़क पर बोरिंग कराने पर नपा का एक्शन, मकान मालिक पर 10 हजार का जुर्माना

डीआर संवाददाता>>सीहोर



शहर के गंज क्षेत्र में सार्वजनिक सड़क पर बिना अनुमति बोरिंग कराने के मामले में नगर पालिका ने सख्त कार्रवाई करते हुए काम बंद करा दिया। पार्षद क्रमांक 9 में मकान मालिक गजेंद्रिया एकता द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए सार्वजनिक रास्ते पर बोरिंग नवीन लगाई जा रही थी। मशीन से बोरिंग का काम शुरू हुआ ही था और एक पाइप जमीन में डाला गया था, उसी समय पालिका की टीम मौके पर पहुंच गई और काम रुकवा दिया।

विजय कोली के नेतृत्व में कार्रवाई

नगर पालिका के कार्यालय मंत्री विजय कोली को मौके पर पहुंचे अमले ने मौके पर पंचनामा तैयार किया और संबंधित पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों और शासकीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने या बिना अनुमति निर्माण कार्य करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

मकान मालिक से वसूला 10 हजार समन शुल्क

कार्यवाहक मंत्री विजय कोली ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर मकान मालिक गजेंद्रिया एकता के विरुद्ध इसाराक्ष कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का शासन शुल्क वसूला गया है। साथ पालिका ने चेतावनी दी है कि भविष्य में बिना वैधानिक अनुमति सार्वजनिक स्थल पर बोरिंग कराने, अवैध रूप से पुराने कुओं के सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जब्त पड़े पर राजीव गांधी की जयंती और नेशनगुलार क्यूएसी कार्यालय पी की जयंती।

सीहोर में 8 भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

डीआर संवाददाता>>सीहोर



जिले में गुरुवार को पुलिस लाइन मैदान के पास संदिग्ध परिस्थितियों में आठ भेड़ों की मौत हो गई। घटना से राजस्थान के जालौर जिले के रहने वाले पशुपालक परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है। पशुपालक अपनी भेड़ों के साथ सीहोर क्षेत्र में सदियों से जीवनयापन कर रहा है। उसके पास करीब 225 से 250 भेड़ें थीं, जिनमें से 8 की अचानक मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर मंडी थाना पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग और पीएचई विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं।

पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर वल्लभ सुथार सामने की जांच कर रहे हैं। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए दो भेड़ों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

घटना के बाद पशुपालक और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल भेड़ों की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

पीला सोयाबीन 7,100 रुपये, मक्का 2,800 रुपये और गेहूं 6,350 के अधिकतम भाव पर पहुंचा

नरसिंहगढ़ ई-मंडी में लहसुन का अधिकतम भाव 25,100 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया

डीआर संवाददाता>> सीहोर।



सीहोर और राजगढ़ जिले की प्रमुख कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन, लहसुन, मक्का और गेहूं के भाव में तेजी देखने को मिली। नरसिंहगढ़ ई-मंडी में लहसुन का अधिकतम भाव 25,100 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं आष्टा मंडी में पीला सोयाबीन 7,312 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका।

सीहोर मंडी के भाव

सीहोर मुख्य मंडी में कुल आवक 14,319 क्विंटल दर्ज की गई। पीला सोयाबीन 7,100 रुपये, मक्का 2,800 रुपये और गेहूं 6,350 रुपये प्रति क्विंटल के अधिकतम भाव पर पहुंचा। लाल चना 6,611 रुपये और तांगिया 15,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। लहसुन का अधिकतम भाव 18,500 रुपये और प्याज का 4,300 रुपये रहा।

नरसिंहगढ़, पचोर और श्यामपुर मंडी

नरसिंहगढ़ मंडी में सोयाबीन 7,110 रुपये और धनिया 16,000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। पचोर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,055 रुपये, धनिया 14,000 रुपये और सरसों 7,670 रुपये रहा। श्यामपुर मंडी में सोयाबीन 7,075 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा।

आष्टा मंडी के ताजा भाव

सीहोर जिले की आष्टा कृषि उपज मंडी में कुल आवक 21,573 क्विंटल रही। इसमें पीला सोयाबीन 2,501 से 7,312 रुपये, मक्का 1,686 से 2,476 रुपये और गेहूं लोकमान 2,040 से 3,042 रुपये प्रति क्विंटल बिका। सर्वेद चना का अधिकतम भाव 10,081 रुपये रहा। मंडी में लहसुन 2,000 से 18,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका।

किसानों के लिए जरूरी सलाह

किसान अपनी उपज साफ और अच्छी तरह सुखाकर मंडी लाएं। बिक्री से पहले संबंधित मंडी के ताजा भाव और गुणवत्ता के अनुसार मिलने वाली कीमत की पुष्टि जरूर करें।

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग, पुतला दहन का किया प्रयास

डीआर संवाददाता>>बुदनी



प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर दलित, पिछड़ा एवं आदिवासी समाज संगठन के कार्यकर्ताओं ने महात्मा प्रताप चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन के विरोध में पुतला दहन करने का प्रयास किया गया, जिस पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की हुई।

प्रदर्शनकारियों ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग उठाते हुए सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सरकारी नौकरियों और सामाजिक प्रतिनिधित्व में पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। आरक्षण का मामला लंबे समय से चर्चा में है और न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के कारण इसकी स्थिति प्रभावित हुई है। एस ने शासन से आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि आरक्षण संबंधी मुद्दे का निराकरण कर पात्र लोगों को उनका अधिकार दिलाया जाना चाहिए। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन में सरपंच जो राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य रामवीर सिंह यादव मंडल, जिला अध्यक्ष विजय दनौ, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्जेश काकोदिया, पंकज राईसे, मोनू राईसे, दुर्जन राईसे, गौरव, लवमेश सोहन, मंडित राईसे और टीना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पांच दिन से रिमझिम बारिश, सुबह-शाम बढ़ी ठंडक्य अगले दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

डीआर संवाददाता>>सीहोर



सीहोर और श्यामपुर में बारिश दर्ज

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सीहोर में पिछले दिन 7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, बुधवार को सीहोर में करीब 0.087 इंच और श्यामपुर में 0.040 इंच बारिश हुई। भोपाल-इंदौर रोड स्थित जलारोड़ा और गणपुर घाटी में भी रात से रुमझा बारिश हुई।

अगले दो दिन खरिड के आसार

मौसम विभाग के अनुसार, वातावरण में नमी और स्थानीय मौसम प्रणालियों के कारण बारिश हो रही है। तापमानों के रुख में बदलाव और बादलों की आवाजाही से छिटपुट बारिश का दौर बना हुआ है। पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले दो दिन मौसम ऐसा ही रह सकता है। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आने और आसमान साफ होने की संभावना है। बारिश थमने के बाद सुबह-शाम हल्की ठंडक रहेगी, जबकि दिन में धूप निकलने से मौसम सुहाना बना रह सकता है।

संदेश कुबेरेश्वरधाम पहुंचे 150 से अधिक बाइकर्स पंडित प्रदीप मिश्रा ने की सराहना,

राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकाली जा रही है नशामुक्त भारत व सशक्त भारत संदेश यात्रा

डीआर संवाददाता> सीहोर



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत और सशक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश के विभिन्न राज्यों से सुरक्षा बलों और बाइकर्स के दल जागरूकता यात्रा पर निकले हैं। इसी सिलसिले में गुरुवार को यह मोटरसाइकिल रैली जिला मुख्यालय सीहोर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुबेरेश्वरधाम पहुंची। रैली के आगमन को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए गए थे। धाम पर पहुंचने पर अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने यात्रा में शामिल जवानों का कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर आध्यात्मिक कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिसों को नशे से दूर रखने के लिए वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा गया है। देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की दिशा में सुरक्षा बलों का यह अतुल्य बेहद सराहनीय है। विलोरेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ल ने सभी जवानों को अपने घी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वामी वितरण स्वास्थ्य का निरीक्षण और प्रसादी का आनंद विठलेश सेवा समिति के मैदिया प्रभारी मनोज दीक्षित भाना ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल से इंदौर की ओर प्रस्थान करते समय धाम पर पहुंचे करीब 150 पुलिस जवानों ने कथा स्थल के साथ-साथ प्रसिद्ध नैतृत्व कुंड से चलने वाले एवाम शिवलिंग जैसे कुंड की निरीक्षण किया। इस दौरान एसिटी डी ओर से जवानों को रुद्राक्ष भेंट किए गए। यात्रा दल ने यहां श्रद्धालुओं के साथ वैदिक भोजन-प्रसादी का आनंद लिया। देश के कोने-कोने में अपनी सेवाएं देने वाले जवानों ने कहा कि कुबेरेश्वरधाम देश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। विशेष से आए एक जवान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह पहली बार इस पवित्र धाम पर पहुंचे हैं और यहीं की व्यवस्थाओं से अभिभूत हैं।

देश जोड़ने के अनूठे प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना

पंडित डी मिश्रा ने जवानों के अदम्य साहस और देश के एकजुट करने के इस अनूठे प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की।

औषधी प्रशासन सीहोर की बड़ी कार्रवाई, नियमों का उल्लंघन करने वाले चार मेडिकल स्टोरों पर शिकंजा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर बालमुरुगन के तथा निर्देशक डॉक्टर एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार जिलेभर में औषधी प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में हाल ही में जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच की गई, जिसमें औषधी अधिनियम के कई गंभीर उल्लंघन पाए गए। नियमों की अनदेखी सामने आने पर प्रशासन ने मेसर्स एग्रवाल मेडिकल मैरूंदा, मेसर्स गुरुदेव मेडिकल एजेंसी मैरूंदा, मेसर्स साई विधु मेडिकल कुलगी और मेसर्स श्री विनायक मेडिकल स्टोर्स बकतरा को नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

औषधी निरीक्षक किरण कुमार नगरे ने बताया कि जांच के दौरान इन संस्थानों के संचालकों से औषधियों के क्रय-पेयांक के रिकॉर्ड संबंधित अन्य दस्तावेजों के संबंध में जवाब मांगा गया था, लेकिन संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर या रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रशासन के आदेशों और निर्देशों की इस प्रकार की लगातार अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए औषधी प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। नियमों का पालन न करने पर मेसर्स कुरुदेव मेडिकल एजेंसी मैरूंदा की मेडिकल अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) को ताकाल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, गंभीर लापरवाही और जवाब न देने के कारण मेसर्स एग्रवाल मेडिकल मैरूंदा, मेसर्स साई विधु मेडिकल कुलगी और मेसर्स श्री विनायक मेडिकल स्टोर्स बकतरा की अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से जिले के अन्य मेडिकल संचालकों में भी हड़कंप मच गया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंद्रा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 23-2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 23 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

जिला अस्पताल में विशेष वेस्ट क्लिनिक शुरू

सीहोर। वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए जिला अस्पताल में विशेष चेस्ट क्लिनिक संचालित किया जा रहा है। यह क्लिनिक 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक चलेगा। यहां सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी, सर्दी, अस्थमा और छाती संबंधी समस्याओं की जांच की जाएगी।

विकसित भारत युवा संसद के आवेदन 30 अक्टूबर तक

सीहोर। युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सार्वजनिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद 2027 आयोजित की जा रही है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र विद्यार्थी और गैर-विद्यार्थी युवा भाग ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

विद्युत भार स्वीकृत कराएं, जुर्माने से बचें

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गैर घरेलू और औद्योगिक बिजली उपभोक्ताओं को परिसरों में विद्युत भार की जांच की जा रही है। जांच के दौरान स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग के मामले सामने आ रहे हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अतिरिक्त भार होने पर ऑनलाइन आवेदन कर उसे नियमित रूप से स्वीकृत कराएं, ताकि नियमानुसार कार्यवाही और जुर्माने से बचा जा सके।

झांकी निकालकर दी मां दुर्गा को विदाई

बिलकिसगंज। रात पंचमात बसुलिया में बुधवार शाम मां दुर्गा की भव्य झांकी के साथ विसर्जन यात्र समारोह निकाला गया। इसमें युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह से भाग लिया। कथा वाचक संत श्री श्री 1008 अंबाराम महाराज और गांव के गुरुजी के लिए विशेष वंदना सजाई गई। गांव के प्रमुख मार्गों से भ्रमण के बाद झांकी गांव के तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से आरती कर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

सिर पर रावण का पुतला बांधकर दो घंटे चला युद्ध

अहमदपुर। विजयादशमी पर दशहरा जोड़ में राम-रावण युद्ध का अनूठा मंचन किया गया। करीब दो घंटे तक रामलीला मंडली के कलाकार सिर पर रावण का पुतला बांधकर युद्ध के प्रसंग प्रस्तुत किए। अंत में भगवान श्रीराम ने सिर पलाकार रावण का वध किया। भीजाखेड़ी दुर्गा उत्सव समिति और ग्राम पंचायत के सहयोग से निकला जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचा। आयोजन देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी जुटे।

बैलगाड़ी के रथ पर निकली मां दुर्गा

अहमदपुर। नवरात्रि समापन पर बुधवार को मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं का विसर्जन धूल उत्सवोड़ी निकाला गया। बनखेड़ी कॉलोनी में लोहा पीटा समाज ने परंपरा निभाते हुए मां की प्रतिमा बैलगाड़ी के रथ पर विराजित की। यह समारोह गांधी चौक, सेन रोड और अस्पताल बीहते से होते हुए नीलाखेड़ी मार्ग से नदी घाट पहुंचा। यहां महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से प्रतिमाओं का विसर्जन किया और अगले वर्ष फिर आगमन की कामना की।

समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट श्री बालागुरु के. ने कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक

किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी रोकने और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने पर जोर दिया

डीआर संवाददाता»सीहोर।



कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र किसानों और हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। रबी सीजन को देखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी रोकने और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करें।

कलेक्टर ने उर्वरक की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध हो। उर्वरक विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए और कालाबाजारी, अनियमित वितरण तथा निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने की शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को खाद प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए।

फील्ड निरीक्षण बढ़ाएं, वास्तविक स्थिति की जानकारी रखें

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीमांत स्तर पर डिस्ट्रीब्यूशन जानकारी की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। उन्होंने कृषि विभाग के एपी संचालक से खाद की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयीन रिपोर्ट पर निर्भर न रहें, बल्कि नियमित रूप से खेतों, कृषि केंद्रों और गांवों का भ्रमण करें। अधिकारियों को किसानों की जागरूकता, खाद-बीज की उपलब्धता और योजनाओं की प्रगति की जानकारी जनसामान्य रखनी होगी, ताकि समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके।

गुणवत्तापूर्ण बीज और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा

कलेक्टर ने सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों को अवगत कराने और तकनीक कृषि प्रदर्शनों को आयोजित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांवों में क्लस्टर आधारित डिमांड सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर के वैज्ञानिकों ने मौसम आधारित कृषि परामर्श, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, मृदा परीक्षण और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने पर जोर दिया। उद्यानिकी खाद्य तेल मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मृदा परीक्षण और उन्नत तकनीकों के अंतर्गत मशीनरी, पोलहाउस संरचनाओं एवं जलग्रहण गतिविधियों आच्छादित कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

प्राकृतिक खेती और अक्षकांशा की खेती को मिलेगा प्रोत्साहन

कलेक्टर ने सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों को अवगत कराने और तकनीक कृषि प्रदर्शनों को आयोजित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांवों में क्लस्टर आधारित डिमांड सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर के वैज्ञानिकों ने मौसम आधारित कृषि परामर्श, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, मृदा परीक्षण और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने पर जोर दिया। उद्यानिकी खाद्य तेल मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मृदा परीक्षण और उन्नत तकनीकों के अंतर्गत मशीनरी, पोलहाउस संरचनाओं एवं जलग्रहण गतिविधियों आच्छादित कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

पशुपालन, ऋण और मत्स्य उत्पादन की समीक्षा

कलेक्टर ने जी. बीमल मेकेनिकल सम्पदा योजना से जुड़ी पूरी जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालकों एवं महिलाओं और एसएचजी द्वारा विभिन्न इकाइयों की स्थापना बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, सिंह किसान को समय पर ऋण वितरण करने तथा पात्र किसान लंबित ऋण की प्रक्रियाओं में तेजी लाने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सलोनी सक्सेना, सीहोर एवं अमलाहा उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नूतनवी रघुवंशी, खाद्य विपणन अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर के वैज्ञानिक, उपखण्ड अधिकारी, सहायक संचालक उद्यानिकी सहायक संचालक मत्स्य विभाग सहित अधिकारी उपस्थित थे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए राजनीतिक दलों की बैठक

डीआर संवाददाता»आष्टा

छोटी निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनपदा प्राचा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने राजनीतिक दलों से मतदाता सूची में छूट हुए पात्र नागरिकों के नाम जुड़वाने में सहयोग की अपील की।

बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामेश यादव, तहसीलदार सीहोर भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील भी की गई।

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश में कुल 5 करोड़ 45 लाख 54 हजार 655 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 2 करोड़ 81 लाख 71 हजार 988 पुरुष, 2 करोड़ 63 लाख 81 हजार 740 महिला और 928 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारियों ने राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

यह रहेगी पुनरीक्षण की समय-सारिणी

नवंबर 2026 मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण।

12 नवंबर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन।

12 नवंबर से 11 दिसंबर पात्रे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि।

21–22 नवंबर और 5–6 दिसंबर विशेष अभियान।

28 दिसंबर दावे आपत्तियों का निराकरण।



कहीं रबी की बोवनी शुरू कहीं मावठे का इंतजार

डीआर संवाददाता»आष्टा



किसान खरपतवार नियंत्रण के प्रयास में लगे हुए हैं। खेत में सूखघास के बीच हरी घास नजर आ रही है। खरपतवार अभियान नहीं होने से खेतों में जंगली लगी की कमी बनी हुई है। किसानों का कहना है कि मावठे की बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी, जिससे बोवनी करने और बीजों के अंकुरण में काफी सुविधा होगी। ऐसे में सिंचाई सीमित व सहजता पर निर्भर करना हुए है। बारिश होने से रबी फसलों की बोवनी में तेजी आने की उम्मीद है।

दशहरा मेले में लौटी रौनक, खरीदारी करने पहुंचे ग्रामीण

डीआर संवाददाता»जावर



मेले में इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, सिलाई, सजावटी वस्तुओं और मिठाइयों की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बाहर से आए व्यापारियों को भी दुकानों के पहुंचने से अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

मिताई विक्रेता राजू भावसार ने बताया कि इस बार मिठाइयों की बिक्री उम्मीद से ज्यादा हुई है। मेले में खरीदारी करने पहुंचीं पेंशिक ठाकुर ने कहा कि दशहरे पर गेले में आना और सामान खरीदना हर साल की परंपरा है। किसानी ठाकुर ने बच्चों के लिए खिलौने और घर गृहस्थी का सामान खरीदा। प्रशासन के काम से राहत मिलने के बाद ग्रामीण परिवार मेले में समय बिताने पहुंच रहे हैं।

सीहोर में बिजली कटौती से 2200 उपभोक्ता परेशान, 7 घंटे प्रभावित रही सप्लाई

सीहोर। सीहोर में बुधवार को हल्की बारिश और तेज हवा के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। आरएके फीडर की 11 केवी लाइन पर कठियावेरी की पास पेड़ की टहनी गिरने से 2200 से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली दो घंटे से ज्यादा समय तक गुल रही। वहीं, सुलाम फीडर में पोल नहीं गिरने से शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक आपूर्ति प्रभावित रही। आरएके फीडर का बीज टूटने से फॉल्ट खोजने में समय लगता है। इसी छोटे

लाखों रुपये से बना सार्वजनिक शौचालय अतिक्रमण की भेंटचढ़ा

डीआर संवाददाता»सिहोरगंज



सिहोरगंज बस स्टैंड पर लाखों रुपये की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय अतिक्रमण के कारण शोभित बनकर रह गया है। शौचालय के सामने चुनौटिया और अस्थायी दुकानें लगने से गाड़ियों को यह दिखाई तक नहीं देता। इसका सबसे अधिक खामियाजा उन्हें से उतरने वाली महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है, जो शौचालय होने के बावजूद इसका उपयोग नहीं कर पा रही हैं।

इस स्टैंड परिसर में यात्री प्रतीक्षालय के सामने भी अतिक्रमण होने से यात्रियों को बैठने और आराम करने में परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग पर दुकानों के कारण एंबुलेंस भी समय पर नहीं निकल पाती। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच महेंद्र सिंह कालरे ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को तीन-तीन बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अब लोगों को प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

शहर में सघन चेकिंग अभियान, 13 चालान काटकर वसूले 9,100

डीआर संवाददाता»आष्टा



आष्टा साप्ताहिक मवेशी बाजार के कारण शहर के मार्गों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए थानाध्यक्ष पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने 13 चालान बनाकर 9 हजार 100 रुपए का शमन शुल्क वसूला। थानाध्यक्ष पुलिस की टीम ने शहर के विभिन्न चौराहों पर बाजार और मार्ग और थानाध्यक्ष व्यवस्था का जायजा लिया।

टीम बजरंग कॉलोनी चौराहा, अग्रसेन सिराहा, पुराना बस स्टैंड, शंकर मंदिर और भोपाल नाका सहित प्रमुख मार्गों पर पहुंची। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों और सावधानी का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश दी।

रामलीला मंचन मंचन, संत माधवदास महाराज ने किया कलाकारों का सम्मान

प्रयागराज की रामलीला मंडली के कलाकारों ने बिखेरी अभिनय की छटा, कुंभकर्ण व रावण वध के साथ सम्पन्न

डीआर संवाददाता» सीहोर।



शहर के कोलीपुरा स्थित प्रवीण श्री तुलसि लक्ष्मी मंदिर में प्रयाग राज रामलीला मंडली के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला के अंतिम दिन कुंभकर्ण और रावण का का सजीव मंचन किया गया। भगवान राम के हाथों रावण का वध होते ही पूरा मोहल्ला जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर संत मायवदास महाराज ने रामलीला के महंत कृतेश शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक कलाकारों का स्वागत किया। महंत श्री शर्मा ने बताया कि आगामी रामलीला का आयोजन राजस्थान के अजमेर में किया जाएगा।

रामलीला के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मंचन देखने पहुंचे। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से रामायण के प्रमुख प्रसंगों को जीवंत कर दिया। कुंभकर्ण वध के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध के अंतिम चरण में भगवान राम ने रावण का वध किया। इस दृश्य के साथ ही दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

रामलीला के मंचन के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। कलाकारों की प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा। स्थानीय प्रशंसकों के नवयुवा से भगवान राम के आदर्शों और कुवाई उन आचारी की जीत का संदेश दिया गया। रामलीला के अंतिम दिन आयोजन स्थल पर देर रात उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कलाकारों ने रावण का, लंकाका द्वारा रावण से छल प्राप्ति, विभिषण का लंकाधिपति के रूप में राज्याभिषेक तथा भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या आगमन के प्रसंगों को जीवंत किया। उत्कृष्टता श्रीराम के राज्याभिषेक और सत्ता रौता की अभिव्यक्ति का मंचन देख दर्शक भावविभोर हो उठे।

इस परिणामती अवसर पर संस्कार संघ के प्रभारी मनोज पोद्दिया नाना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में रामलीला जैसे भव्य आयोजनों का होना सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने और समाज में जागृति लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। रामलीला उत्सव मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी को जीवन जीने की कला, मर्यादा और उच्च संस्कार देती है। भगवान राम का चरित्र हर युग में प्रासंगिक है और उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर ही एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

नई गाड़ी की पूजा में व्यस्त था परिवार चोर ने घर में किया हाथ साफ

डीआर संवाददाता»अहमदपुर

अहमदपुर में मंगलवार की रात्रि सनसत पूजन के दौरान खुला खाली विजय गांधी के घर चोरी की घटना सामने आई है। परिवार के सदस्य नई बुलेट की पूजा और वाहन देखने में व्यस्त थे, इसी बीच कमरे में रखा डेढ़लेग गायब हो गया। परिजनों के मुताबिक, विजय गांधी की छोटी बहन नई बुलेट लेकर अपने भाई और पिता को दिखाने अहमदपुर स्थित घर पहुंची थी। नई गाड़ी आने की खुशी में परिवार के सदस्य बाहर जाकर वाहन पूजन करने लगे और बुलेट चलाकर देखने में व्यस्त हो गए। शिकायत के अनुसार, दशहरा पूजन के बाद उनकी पत्नी ने पाया हुए लेकर डैशबोर्ड में रख दिए थे। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य वाहन पूजन के लिए नीचे चले गए। तभी करीब 12:30 बजे कमरे में लौटने पर बैग गायब मिला। शिकायत के मुताबिक, बैग में सोने का हार, सोने की चेन, तीन जोड़ी सोने के झुमके, एक अंगूठी, एक टीका, चांदी की एक जोड़ी पायल सहित अन्य आभूषण, बच्चों के कपड़े, चल्ली की दो साड़ियां और 12 हजार रुपये नकद रखे थे। विजय गांधी ने आशंका जताई कि अज्ञात व्यक्ति घर के पीछे की दीवार से चढ़कर कमरे तक पहुंचा और बैग लेकर फरार हो गया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष- 14 -2083 विदिशा,शनिवार,दिनांक,24 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

ऑडिटोरियम में संघ का युवा संवाद आज

विदिशा। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में युवा संवाद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आज शनिवार को रविंद्रनाथ टैगोर सभागृह में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम में 18 से 35 वर्ष के युवा शामिल हो सकेंगे। संघ के प्रांत प्रचारक निमल सुधा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

आरक्षण में सुधार की मांग, आज विदिशा बंद

विदिशा। सर्व समाज एकता मंच द्वारा एससी, एसटी एक्ट, मूजीसी एक्ट एवं जातिगत आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर आज शनिवार को विदिशा बंद का आव्हान किया गया है। संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को लेकर नवोदय गंज चौराहे से बड़ा बाजार तक जुलूस के माध्यम से बाजार बंद का आव्हान किया गया।

2 दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

विदिशा। कृषि उपज मंडी में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक बार फिर इंतजार करना पड़ेगा। शनिवार से सोमवार तक नीलामी बंद रहेगी। मंडी में खरीदी और नीलामी संगलवार से दोबारा शुरू होगी। शनिवार को चौथे शनिवार के कारण बंद रहेगी। रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा, जबकि सोमवार को वाल्मीकि जयंती के कारण नीलामी नहीं होगी। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए संगलवार तक इंतजार करना पड़ेगा।

उच्च शिक्षा अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

विदिशा। उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने गर्ल्स कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और छात्राओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वाणिज्य संकाय की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यावसायिक मॉडल, युद्ध विज्ञान की छात्राओं द्वारा तैयार पोस्टिक व्यंजन तथा लाइब्रेरी में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। छात्राओं एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। प्राचार्य ने कॉलेज में संचालित शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा प्रयोगशालाओं के सुधार संबंधित की जानकारी दी।

खाते से पैसे निकालने व धोखाधड़ी की शिकायत

विदिशा। कर्तापुरा निवासी बालकृष्ण बैरागी पुत्र विष्णु प्रसाद बैरागी ने छोटाखाली थाने में खाते से बिना पैसे गायब होने

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के उद्देश्य से

जनविश्वास कार्यक्रम में अधिकारियों ने गांव पहुंचकर सुनीं समस्याएं, महिलाओं ने की शराबबंदी की मांग

डीआर संवाददाता ▪ विदिशा।



मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित रूपेश्वरी और डीएफओ हेमंत चंदन ने ग्राम पंचायत पुरवुरुवाई सहित अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अवैध शराब की बिक्री, पेयजल संकट, जनजाति सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिलने, रास्तों पर अतिक्रमण और स्वामित्व योजना में आदिवासी परिवारों के नाम शामिल नहीं होने जैसी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

पुरवुरुवाई गांव में निरीक्षण के दौरान महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि गांव में दो स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। शराब पीकर घर लौटने वाले परिवार के सदस्य अक्सर लड़ाई-झगड़ा, गालीगलौज और मारपीट करते हैं। इससे महिलाओं को घरेलू उत्पीड़नों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने एसपी से गुहार लगाते हुए कहा कि साहब, हमारे गांव में शराब बंद करवाएं, इस शराब के कारण बहुत परेशान हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सुधांशु सिंह तंवर को संबंधित स्थानों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने गांव में पैदल भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत की और आयुष्मान योजना के हितग्राहियों से भी जानकारी ली। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र और माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। स्कूल ने बच्चे कक्षाओं में उपस्थिति पर बैठकर ज्यादह करते मिले। इस पर कलेक्टर ने प्रभारी शिक्षक को चेतावनीपत्र के लिए फटकार की आवश्यता करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बच्चों से दशहरा और दीपावली त्यौहार के कारण छुट्टी, जिस पर शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक व्यौहार के बारे में जवाब दिए।

आठ महीने से नहीं मिली जनजाति सुरक्षा की राशि, पेयजल और अतिक्रमण की शिकायतें भी उठीं

जनविश्वास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं होने की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

इसी दौरान महिला दुर्गा पुरते ने शिकायत की कि उनके व उनके दो बच्चों के नाम से आठ महीने बाद भी उन्हें जनजाति सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिली है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को महिला को योजना की राशि दिलाने के निर्देश दिए। वहीं, सिरोनी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने रास्तों पर किसानों द्वारा किए गए अतिक्रमण की शिकायत की। गांव की निवासी कुसबाई और जनीत आदिवासी ने बताया कि रास्तों पर कई वर्षों से अतिक्रमण होने के कारण उन्हें अपने खेतों तक पहुंचने में परेशानी होती है। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी को मामले का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

पुरवुरुवाई ग्राम पंचायत के सरपंच पृथ्वीराज सेंगर ने बताया कि गांव के कई आदिवासी परिवारों के नाम स्वमित्व योजना में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्होंने पात्र परिवारों के नाम योजना में जोड़ने की मांग की, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को भी अधिकारियों को अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को स्वास्थ्य कार्यकर्ई करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पठरिया, सरपंच हेमंत रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण मौजूद रहे।

एसपी के पैदल भ्रमण पर रो पड़ीं आदिवासी महिलाएं, बोलीं- साहब! शराब बिक्री रोकिए



डीआर संवाददाता ▪ लटेरी।

जनपद पंचायत ग्यारसपुर के ग्राम पुर गोरवाई में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसपी रोहित कावशानी के सामने अपनी समस्याएं रखीं। गांव में पैदल भ्रमण के दौरान आदिवासी महिलाएं एसपी के सामने हाथ जोड़कर रो पड़ीं और अवैध शराब की बिक्री बंद कराने की गुहार लगाई।

महिलाओं ने बताया कि गांव में शराब की बिक्री के कारण परिवारों में विवाद बढ़ रहे हैं। नशे में घर लौटने वाले पुरुष उनसे साथ मारपीट करते हैं। इससे उनका पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं की शिकायत सुनकर एसपी ने मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

सरपंच बोले- कई बार शिकायत की फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्राम पंचायत के सरपंच पृथ्वीराज सिंह सेंगर ने बताया कि गांव में अवैध शराब बेचने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। अब दोबारा शिकायत मिलने पर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में शराब बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है, ताकि महिलाओं को घरेलू हिंसा और रोजाना के विवादों से राहत मिल सके।

सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत

डीआर संवाददाता ▪ कुरवाई

लाहर चौकी अंतर्गत कुरवाई बीना मार्ग पर बस से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को कुरवाई अस्पताल मर्चुरी में रखवा दिया गया है। कुरवाई पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष है। माहिने हाथ पर गोदना से दिव्यू बना हुआ है। मृतक के शरीर पर कलौ शर्ट मटमैला जींस है।

वाहक निर्दी हादसे में घायल दो वाइल सवारों को तत्काल गार्डन के संचालक ने अस्पताल पहुंचाया

बीती रात लवली गार्डन के सामने सड़क हादसे में दो लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा दो वाहक आपने सामने से टक्कराने के कारण हुआ। जखमी गार्डन संचालक सुनील कुरवाह ने बताया कि दोनों के टक्कराने की आवाज आने के बाद उन्होंने मौका हो दो लोग जखमी हालत में सड़क पर पड़े हुए थे। सुनील कुशवाह द्वारा तत्काल बेसाल चल रहे दो वाहन से दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

जिलाधिकारी गांव में शिफ्टर रह रहा था आरोपी, एक खान की रुका

विदिशा। जिलाधिकारी अदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी खतीब उर्फ बच्चा कुरैशर (36) निवासी विदिशा को न्यायालय ने एक वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह सजा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमित अग्रवाल की अदालत ने सुनाई। अभियोजन के अनुसार जिला दंडाधिकारी विदिशा ने 8 मार्च 2022 को खतीब उर्फ गच्ची खतीब लोकेंद्र राजपूत जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष के लिए निर्वासित करने का आदेश जारी किया था।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उत्तमाखेड़ी में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण

डीआर संवाददाता ▪ रामखाबाद।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में सामूहिक व्यवस्थाओं का मैदानी स्तर पर जायजा लेकर नागरिकों को सुलभ सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में रामखाबाद्री में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ में स्थापित सभी चार हैंडपंप चालू हालत में पाए गए।



निरीक्षण के दौरान डीईओ एसडीएम श्री विकास त्रिपाठी ने स्वयं हैंडपंप चलाकर उसकी कार्यशीलता देखी। वहीं, एसडीएम श्री मोतीलाल अहिरवार ने हैंडपंप से निकलने वाले पानी पीकर पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम सरपंच श्री ओमशंकर सिंह तथा सब इंजीनियर श्री भार्गव भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत अधिकारियों द्वारा गांवों में पहुंचकर पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष सत्यापन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाना तथा ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाओं का लाभ सुचारु रूप से उपलब्ध कराना है।

उत्तमाखेड़ी में सभी चार हैंडपंप चालू पाए जाने से ग्रामीणों के लिए पेयजल व्यवस्था की उपलब्धता की पुष्टि हुई। अभियान के माध्यम से प्रशासन द्वारा गैरजानी निरीक्षण और जनसुविधाओं की स्थिति का आकलन कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की जेल, 5 हजार रुपए जुर्माना

डीआर संवाददाता ▪ गंजबासौदा

गंजबासौदा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल के कठोरतम की सजा सुनाई है। न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर ने सुनवाई को पॉक्सो एक्ट की धारा 6 एवं 5 के तहत कैसला सुनते हुए आरोपी पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने पीड़िता को मुआवजा देने का आदेश दिया।

2023 का है मामला

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विनोद कुमार अलैया के अनुसार मदान 8 जुन 2023 की है। 11 जून को पीड़िता के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना गंजबासौदा में लिखाई थी। परिजनों को संदेह था कि रिश्ते की बात करने आए मेहमानों के साथ पहुचा 24 वर्षीय आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया था।

बाद में पीड़िता के मिलने पर इसने आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अपराध के दौरान पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

गंजबासौदा में 11 केवी लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, शिकायतों के बाद भी नहीं हटी बिजली लाइन

डीआर संवाददाता ▪ गंजबासौदा

शहर के वार्ड 5 निवासी गोलीबी नगर में शुक्रवार दोपहर 11 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 66 वर्षीय बुजुर्ग दुलू की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ। बताया जाता है कि बुजुर्ग घर की नीमरी मंजिल के ऊपर से गई लाइन की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया।

10 साल से किराए के मकान में रह रहे थे

प्रत्यक्षदर्शी नूल रूप से छतरपुर के रहने वाले थे और पिछले 10 साल से सिरोंज के मकान में रह रहे थे।

रहवासियों ने लगाए लापरवाही के आरोप

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए। पार्षद मनीष दिवाकर और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम रघुवंशी सहित करीब 11 केवी लाइन हटाने के लिए कई बार लिखापढ़ी की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। शव के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल रहा।

विदिशा मंडी में तीन दिन नीलामी बंद, धान 4,800 और सोयाबीन 7,000 रुपए प्रति क्विंटल तक

डीआर संवाददाता ▪ विदिशा।



विदिशा। कृषि उपज मंडी में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए संगलवार तक इंतजार करना पड़ेगा। चार दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को मंडी खुली थी, लेकिन अब शनिवार से सोमवार तक नीलामी बंद रहेगी। गुरुवार को मंडी में उपीज 18 हजार क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई।

धान और सोयाबीन के भाव में तेजी

मंडी में धान का अधिकतम भाव 4,800 रुपए प्रति क्विंटल रहा। इसका मॉडल भाव 3,000 रुपए और न्यूनतम भाव 1,700 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं, सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,000 रुपए, मॉडल भाव 6,000 रुपए और न्यूनतम भाव 3,200 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं और मक्का के भाव भी तेज रहे।

तीन दिन क्यों बंद रहेगी मंडी

अधिकारी को सीधे शनिवार, रविवार को साप्ताहिक अवकाश और सोमवार को वाल्मीकि जयंती के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। लगातार तीन दिन मंडी बंद रहने से किसानों को परेशानी हो सकती है। कलक्टर से कलीदी और नीलामी की अवधि बढ़ाना शुरू होगी।

कार्यक्रम हुआ

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के तहत संचालित ई-अपशिष्ट अभियान 6.2 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

नवोदय विद्यालय में ई-वेस्ट अभियान 6.2 के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

डीआर संवाददाता ▪ रामखाबाद।



विदिशा जिले के रामखाबाद स्थित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ने भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के तहत संचालित ई-अपशिष्ट अभियान 6.2 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों और कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित निपटान, पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान 2 अक्टूबर से शुरू हुआ है और 28 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि पुराने मोबाइल, टेलीविजन, हार्ड डिस्क और सीसीटीवी कैमरों सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे में नहीं फेंकना चाहिए। इनमें सुरक्षित निपटान के लिए पंजीकृत फर्मों और अधिकृत एजेंसियों की सहायता लेनी चाहिए।

विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम का समन्वय प्रभारी शिक्षिका श्रीमती निशा ने किया। उन्होंने कहा कि उचित प्रबंधन सभी के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है। इसी क्रम में प्रभारी एवं लोक विज्ञान शिक्षिका श्रीमती त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लगभग दर्जनों छात्रा-छात्राओं ने ई-वेस्ट प्रबंधन पर भाषण दिया। उन्होंने अभियान के उद्देश्य और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सही निपटान के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा सुरभि तिवारी ने किया। आयोजन निदेशालय के वीसीए वीडियो प्रभारी एवं अंग्रेजी शिक्षक मनोज कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन से विद्यार्थियों को पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अलग रखने, राजमान्य कचरे में नहीं फेंकने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। विद्यालय प्रशासन ने अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां जारी रखने की बात कही।

मां दुर्गा की विदाई में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुबह तक चला विसर्जन

डीआर संवाददाता ▪ रामखाबाद।।



शुक्रवार देर रात रामखाबाद में मां दुर्गा की विदाई के दौरान आस्था और उत्साह का माहौल रहा। प्रतिमाओं के भव्य समापन में ढोल-ताशों की गूंज, रंग-बिरंगी रोशनी और गाजे-बाजे के जयकारे गूंजते रहे। करीब एक दर्जन समितियों ने भैरूंगंज शहरों से डीजे और ढोल कुलताह थे। विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार सुबह 10 बजे तक चला। नगर परिषद ने नदी घाट पर क्रेन की व्यवस्था की, जिससे प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतीभा महेश्वरी और व्यापार महासंघ ने समितियों की आरती उतारकर सम्मानित किया।

डीजे पर चालानी कार्रवाई से नाराज श्रद्धालुओं ने किया चक्काजाम

विसर्जन के दौरान पुलिस द्वारा अधा दर्जन डीजे संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई किए जाने पर कुछ समितियों के सदस्यों ने विरोध जताया। नाराज लोगों ने नदी के पुल पर चक्काजाम कर दिया, जिससे तीन प्रतिमाओं का विसर्जन करीब दो घंटे तक रुका रहा। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमार माहेश्वरी ने तहसीलदार और नगर निरीक्षक से चर्चा की। हिंदू उत्सव समिति और युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने भी नाराजगी जताई। मार्गदर्शन के बाद जाम खुला और विसर्जन फिर शुरू हुआ। एसडीओपी अमरीश बोहरे, नगर निरीक्षक आशुतोष सिंह सहित पुलिस-प्रशासन और नगर परिषद के कर्मचारियों की मौजूदगी में विसर्जन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आश्विन शुक्ल पक्ष- 14 -2083 राजगढ, दिन शनिवार,दिनांक 24 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

नरवाई प्रबंधन की दिशा में कृषक श्री रामबाबू वर्मा की पहल

राजगढ़। विकासखंड सारंगपुर के ग्राम लाटाहेड़ी के कृषक श्री रामबाबू वर्मा ने फसल कटाई के पश्चात खेत में बची नरवाई का उचित प्रबंधन करते हुए रोटावेटर की सहायता से उसे खेत में ही मिट्टी में मिला दिया। उनकी यह पहल नरवाई प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। नरवाई को खेत में ही मिट्टी में मिलाने से मृदा में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा नरवाई जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने में मदद मिलती है। कृषक श्री रामबाबू वर्मा का यह प्रयास अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश देता है।

ग्राम रामगढ़ में ज्वार की खेती से फसल विविधीकरण को बढ़ावा

राजगढ़। फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड जीरापुर के ग्राम रामगढ़ के कृषक श्री जालू राम के खेत पर ज्वार की फसल की खेती की जा रही है। कृषि विभाग की राष्ट्रीय मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत कृषक को 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से ज्वार का बीज वितरित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी श्री बाबूलाल वर्मा ने कृषक के खेत का निरीक्षण कर ज्वार की फसल की स्थिति का जायजा लिया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करना तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों को मिलेट्स की खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही कृषि पद्धतियों में विविधता लाने के प्रयासों को भी गति मिल रही है।

नरवाई प्रबंधन की दिशा में किसान श्री घनश्याम पाल की सराहनीय पहल

राजगढ़।विकासखंड सारंगपुर के ग्राम बिलोदा पाल कृषक श्री घनश्याम पाल ने फसल कटाई के पश्चात खेत में बची नरवाई का उचित प्रबंधन करते हुए रोटावेटर की सहायता से उसे खेत में ही मिट्टी में मिला दिया। उनकी यह पहल पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। नरवाई को खेत में ही मिट्टी में मिलाने से मृदा में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही नरवाई जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। कृषक श्री घनश्याम पाल का यह प्रयास अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है। नरवाई का उचित प्रबंधन अपनाकर किसान न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बन सकते हैं, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

मैजिक की बाइक से टक्कर, 2 महिलाओं सहित 4 घायल

तलेन। शुजालपुर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे मैजिक वाहन ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं, एक 5 वर्षीय बालक और बालक को चोटें आईं। सभी घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

मेरी पंचायत पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को ओम स्टील, जीरापुर के नाम पर भुगतान

बिना काम शुरू किए पंचायत ने निकाल लिए 3.97 लाख रुपए, छह महीने बाद शुरू हुआ निर्माण

डीआर संवाददाता ■ भाषलपुर।



जनपद पंचायत जीरापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोघटपुर में न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर काम शुरू होने से पहले ही भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। मेरी पंचायत पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को ओम स्टील, जीरापुर के नाम पर 3 लाख 97 हजार रुपए का भुगतान दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि भुगतान के समय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। शिकायतों और खबर प्रकाशित होने के बाद करीब छह महीने बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे पंचायत की भुगतान प्रक्रिया और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों ने इस मामले में जनपद पंचायत जीरापुर से लेकर जिला पंचायत राजगढ़ तक शिकायतें की हैं। उनका सवाल है कि जब निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ था, तो भुगतान किस आधार पर किया गया? क्या राशि जारी करने से पहले संबंधित इंजीनियर ने स्थल निरीक्षण किया था और निर्माण कार्य का मूल्यांकन किया था? यदि मूल्यांकन किया गया, तो बिना काम हुए भुगतान की प्रक्रिया कैसे पूरी हुई? इन सवालों का जवाब संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

शिकायतों के बाद भी जांच का इंतजार, सचिव को नोटिस जारी

ग्रामीणों के अनुसार, मामले में शिकायत किए जाने के बावजूद जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। निर्माण कार्य में देरी और भुगतान को लेकर सरपंच योगेश भुगत तथा पंचायत सचिव मेरूलाल खुंभकार की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि के उपयोग में जरदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

पंचायत इंस्पेक्टर अनिल शिकारे ने बताया कि इस संबंध में पंचायत सचिव से जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि सचिव से पूछा जाना चाहिए कि राशि क्यों निकाली गई। नियमानुसार छह महीने तक कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है।

पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

वहीं, पंचायत सचिव मेरूलाल खुंभकार ने कहा कि निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि योजना की राशि निकाल ली गई थी, लेकिन अब काम चालू कर दिया गया है।

इस मामले में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पंचायत सचिव के जवाब के बाद संबंधित अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं। भुगतान से जुड़े बिल-वाउचर, माप पुस्तिका, तकनीकी मूल्यांकन और निर्माण की वास्तविक स्थिति की जांच से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि राशि किस आधार पर जारी की गई और निर्माण में देरी के लिए कौन जिम्मेदार है। फिलहाल ग्रामीणों को मामले की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय होने का इंतजार है।



पानी की शिकायत पर जीएम से बोले विधायक- चुप रहो, झूठ बोल रहे हो



डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

खिलचीपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के शिविर में समूह जल प्रदाय योजना के तहत पानी नहीं मिलने की शिकायत पर विधायक अमरसिंह यादव और जल निगम के जीएम उमाकांत चौधरी के बीच तीखी बहस हो गई। कई गांवों के ग्रामीणों ने नलों से पानी नहीं आने की शिकायत की, जबकि जीएम ने दावा किया कि सभी गांवों में पानी पहुंच रहा है। ग्रामीणों के विरोध पर जीएम ने कलेक्टर डॉ. निशेश कुमार मिश्रा से कहा कि ग्रामीण उनसे अभद्रता कर रहे हैं। इस पर विधायक यादव नाराज हो गए और बोले, चुप रहो, झूठ बोल रहे हो तुम। हमारे एरिया को खा रखा है तुमने, बर्बाद कर दिया है। विधायक ने जीएम से लिखित में बताने को कहा कि वास्तव में कितने गांवों में पानी की सप्लाई चालू है। जीएम ने बताया कि पिछले एक साल में 125 से अधिक गांवों में पानी चालू कराया गया है। कलेक्टर ने संबंधित गांवों में जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण बोले- जांच नहीं, पानी चालू कराइए

ढालूपुरा के ग्रामीण वीरम सिंह चौहान ने बताया कि उनका गांव करीब चार किलोमीटर दूर है, लेकिन वहां पानी नहीं पहुंच रहा। जीएम ने कहा कि वे कई बार गांव जाकर जांच कर चुके हैं। इस पर ग्रामीण ने कहा, ब्यावर से क्या होगा, पानी चालू कराइए।

खिलचीपुर के नायजी मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में कलेक्टर, एसपी तोलानी, विधायक हजारीलाल दांगी सहित अधिकारी मौजूद थे। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने जीएम को बुलाया था। कलेक्टर ने मामले की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के निर्देश दिए।

मांगों को लेकर हड़ताल पर कोटवार, 30 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कोटवारों की हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। कोटवारों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पास बैठकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम सुशील कुमार को सौंपा। एसडीएम ने मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

संघ के जिलाध्यक्ष मनोहर सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रांतीय संगठन के निर्देश पर प्रदेशभर में आंदोलन किया जा रहा है। कोटवारों की मांग है कि उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, सेवा भूमि उनके नाम दर्ज की जाए और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की कोटवार पंचायत-2023 में घोषित प्रतिवर्ष 500 रुपए वेतन वृद्धि लागू की जाए। इसके अलावा वर्दी की राशि खातों में जमा कराने, नई नियुक्तियों में पूर्व कोटवार के परिवार को प्राथमिकता देने और सेवाकाल में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की सहायता देने की मांग भी शामिल है।

28 अक्टूबर को रैली, फिर भोपाल में धरना

आंदोलन के अगले चरण में 28 अक्टूबर को राजगढ़ में खिलचीपुर नाके से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर उचित निर्णय नहीं होने पर 30 अक्टूबर से भोपाल के नीलम पार्क में प्रदेशभर के कोटवार अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान कलेक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर



कलेक्टर डॉ. निशेश कुमार मिश्रा ने खिलचीपुर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेख जलालुद्दीन एवं बीएमओ डॉ. कमल दांगी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंडेंट रजिस्टर, आवश्यक दवा सूची, ओपीडी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं स्टॉक रूम में पहुंचकर दवाओं के भौतिक स्टॉक का सत्यापन किया। इंडेंट रजिस्टर एवं आवश्यक दवा सूची का समय पर अद्यतन नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन स्टॉक में अंतर पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित फार्मेसिस्ट श्री आरडी. साहू से स्पष्टीकरण मांगा तथा स्टॉक में विसंगति के लिए जिम्मेदार पाए जाने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को दवाओं के स्टॉक का रिकॉर्ड के अनुसार मिलान करने, आवश्यक दवा सूची एवं इंडेंट रजिस्टर को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा अस्पताल के सभी अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विकसित भारत युवा संसद 2026-27रू राजगढ़

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

राजगढ़। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की संस्था मेरा युवा भारत केंद्र राजगढ़ द्वारा विकसित भारत युवा संसद 2026-27 के जिला स्तरीय चरण के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। कार्यक्रम का मुख्य विषय "एक राष्ट्र, एक चुनाव" रखा गया है। इसमें 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। आयु निर्धारण के लिए 17 अगस्त 2026 की कट-ऑफ तिथि मान्य होगी।

जिला स्तर के शीर्ष तीन प्रतिभागी जाएंगे राज्य स्तर पर

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देना है। प्रत्येक जिले से शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चरण के लिए किया जाएगा।

इच्छुक युवा 30 अक्टूबर 2026 तक नाम भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर साइन अप कर लॉग-इन करना होगा और जिला राजगढ़ का चयन करके आवेदन पूरा करना होगा। केंद्र ने पात्र युवाओं से समय पर पंजीकरण कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

हाईवे पर एंबुलेंस की टक्कर से पुलिस आरक्षक की मौत, महिला आरक्षक गंभीर

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

राजगढ़ से ब्यावरा जा रहे पुलिस आरक्षक देवा मौर्य (30) की गुरुवार रात करीब 9रू30 बजे हाईवे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर पीछे से आई एंबुलेंस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके साथ मौजूद आबकारी विभाग की महिला आरक्षक राशिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया।देवा मौर्य राजगढ़ के सीजीएम कोर्ट में पुलिस विभाग की ओर से मुंशी का काम देखते थे और रोज ब्यावरा से राजगढ़ आना-जाना करते थे। हादसे के बाद दोनों को टोल प्लाजा की एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने देवा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एसपी अमित तोलानी अस्पताल पहुंचे और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सीसीटीवी फुटेज में दिखी एंबुलेंस, पुलिस जांच में जुटी

हादसे के बाद शुरुआत में टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन के आधार पर जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मकोनिया के अनुसार, टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज में एक एंबुलेंस वाहक के पीछे जाती दिखाई दी है। पुलिस एंबुलेंस के लोग और अन्य जानकारियां जुटाकर टक्कर की पुष्टि करने में लगी है।

देवा मूल रूप से शिवपुरी जिले के निवासी थे। उन्हें शायरी और क्रिकेट का शौक था। वे विभिन्न कार्यक्रमों में शायरी प्रस्तुत कर चुके थे और युवाओं के बीच उभरते शायर के रूप में पहचान बना रहे थे। हादसे की खबर से पुलिस विभाग और परिचितों में शोक का माहौल है।

सम्मेलन 7वें अंतरराष्ट्रीय एग्रीवोल्टेइक्स वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस-2026 में का प्रतिनिधित्व किया

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चमके सारंगपुर के किसान सतीश सिंह बैस

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 से 23 अक्टूबर तक आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय एग्रीवोल्टेइक्स वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस-2026 में राजगढ़ जिले की सारंगपुर तहसील के ग्राम बिलोदा सड़क निवासी प्रगतिशील किसान सतीश सिंह बैस ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका आयोजन भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने जर्मनी सरकार के सहयोग से किया।

कार्यक्रम में भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ. जैस्पर वैक, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी सहित विभिन्न राज्यों के कृषि एवं ऊर्जा मंत्री शामिल हुए। मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने भी प्रदेश की योजनाओं और संभावनाओं को प्रस्तुत किया। सम्मेलन में खेती के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

खेती के साथ बिजली उत्पादन से किसानों को मिलेगा दोहरा लाभ किसान सतीश सिंह बैस ने बताया कि एग्रीवोल्टेइक्स तकनीक के माध्यम से किसान एक ही जमीन पर खेती करने के साथ बिजली का उत्पादन भी कर सकते हैं। इसमें जमीन से ऊंचाई पर सोलर पैनल लगाए जाते हैं, जिससे उनके नीचे फल, रुक्मियां और अन्य फसलें उगाने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इससे भूमि का बेहतर उपयोग करने के साथ अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है।

बैस ने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता बनने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। राजगढ़ जिले में सौर ऊर्जा उत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं हैं। किसान प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़ सकते हैं।

उपयुक्त परिस्थितियों में चार से पांच एकड़ जमीन पर 500 किलोवाट से दो मेगावाट तक का संयंत्र लगाने की संभावना हो सकती है। परियोजना की शर्तों के अनुसार बिजली वितरण कंपनी के साथ 25 वर्ष का विद्युत क्रय समझौता किया जा सकता है। इच्छुक किसान अपनी जमीन लीज पर देकर भी आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एग्रीवोल्टेइक्स तकनीक किसानों के लिए आय के नए अवसर खोल सकती है और कृषि के साथ स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे सकती है।

महिला-बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक, शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश



डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गत दिवस को भोपाल संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक श्री एचके शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया।